बुकगंगा डॉट कॉम की ई–लाइब्रेरी लॉंच

जयपुर, 23 जनवरी। जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल के दौरान बुकगंगा डॉट कॉम ने ई लाइब्रेरी को लॉंच किया। बुक गंगा डॉट कॉम के सीईओ अमेरिका में रह रहे अप्रवासी भारतीय मंदार जोगलेकर ने कहा - हमारा मिशन भारतीय साहित्य का ई बुक के जरिये सम्पुर्ण विश्व में प्रचार-प्रसार करना है। तकनीक के विकास के साथ ई बुक फॉरमेट पाठकों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। वर्तमान में बुक गंगा डॉट कॉम पर 15 विभिन्न भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। बुकगंगा डॉट कॉम के पाठक आसानी से कम्प्यूटर, आई पैड आदि पर एप्लीकेशन डाउनलोड कर हजारों पुस्तकों तक आसानी से पढ़ सकते हैं।